**(Formerly Known As Ambala Cements Limited)**
Regd. Office: Vill Kanjnu, Tehsil Radaur, Distt Yamuna Nagar-135133 (Haryana)
Phone : 99920-86066
**E-mail : scanhry@scanprojects.in**
**CIN : L29253HR1992PLC031576**
Website : www.scanprojects.in

Uploaded on BSE Limited Website: http://listing.bseindia.com

**REF: - SCAN/BSE/COM/046/2025-26** **Date: 10th October 2025**

**To,**
**The Manager,**
**Department of Corporate Services,**
**BSE Limited, Floor 25, P.J. Towers,**
**Dalal Street, Mumbai - 400001.**

**Furnishing of Information as per**
**SEBI (Listing obligation and disclosure Requirements) Regulations, 2015**
**Scrip Code: 531797, Scrip Id: SCANPRO**

**Subject: : Opening of Special Window for Re-lodgement of Transfer Requests of Physical Shares.**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 02, 2025, we enclose the copies of newspaper clippings of the public notice, published by the company on October 08, 2025 in Business Standard, all editions (English Language) and (Hindi Language).

Eligible Shareholders are requested to furnish their Client Master List ('CML') along with transfer documents and share certificates and other necessary documents while lodging the document for transfer with RTA.

Kindly take the same on record.

Thanking you,
For SCAN PROJECTS LTD

Satish Kumar
Digitally signed by Satish Kumar
Date: 2025.10.10 10:41:03 +05'30'

Compliance Officer
**(SATISH KUMAR)**
COMPANY SECRETARY/ COMPLIANCE OFFICER
ACS-24275
Place: Yamuna Nagar

# SCAN PROJECTS LIMITED

**(FORMERLY KNOWN AS AMBALA CEMENTS LIMITED)**

**Regd. Office: Village Kanjnu, Tehsil Radaur, Distt. Yamunanagar (Haryana), 135133**

**CIN: L29253HR1992PLC031576 Web Site: www.scanprojects.in**

**Phone no.: 09992086066 E-mail: scanhry@scanprojects.in**

## SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRASFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES.

Pursuant to SEBI circular No.SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-POD/CIR/2025/97 dated 02nd July 2025, shareholders are informed that, a special window is opened only for re-lodgement of transfer deeds, lodges prior to 01st April 2019 and rejected / returned/ not attended due to deficiency in the document/ process/ or otherwise.

This facility of re-lodgement will be available from 07th July 2025 to 06th January 2026. Shareholders are requested to re-lodge such cases with the RTA, latest by 06th January 2026 at the address **BEETAL FINANCIAL & COMPUTER SERVICES PVT LTD** OPP. DADA Harsukhdass Mandir, 99, 3rd Floor, Madangir,New Delhi – 110062 TEL. NO. 011-29961281-283 and email to beetalrta@gmail.com.

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List (CML) along with transfer documents and share certificate, while lodging documents for transfer with RTA.

**Place: Yamunanagar**


**Dated: 07.10.2025**

**For SCAN PROJECTS LIMITED**
**Sd/- (Satish Kumar**
**Company Secretary**

## खबरों में रहे स्टॉक




### एआईए इंजीनियरिंग




चिली की तांबे की खदान से 3.3 करोड़ डॉलर का ऑर्डर हासिल किया

₹ 3,176.5 पिछला बंद भाव
₹ 3,179.6 आज का बंद भाव
0.1 % ▲


### क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विप




सुकृत इलेक्ट्रिक की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने के लिए एसपीए करार

₹ 1,050.7 पिछला बंद भाव
₹ 1,033.8 आज का बंद भाव
-1.6 % ▼


### सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क




सैटिन फिनसर्व ने सूचीबद्ध, सुरक्षित एनसीडी से जुटाए 60 करोड़ रुपये

₹ 147.9 पिछला बंद भाव
₹ 149.2 आज का बंद भाव
0.9 % ▲


### वन 97 कम्युनिकेशंस




भुगतान के लिए देश के पहले एआई साउंडबॉक्स की शुरुआत

₹ 1,224.0 पिछला बंद भाव
₹ 1,237.1 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

### बॉन्डाडा इंजीनियरिंग




सौर परियोजना के लिए कॉलम पोस्ट व एमएमएस की आपूर्ति के वास्ते आशय पत्र मिला

₹ 388.0 पिछला बंद भाव
₹ 397.6 आज का बंद भाव
2.5 % ▲

## संक्षेप में

### बजाज ऑटो को 3.5 करोड़ रु का कर नोटिस

बजाज ऑटो को असम के अधिकारियों से 3.5 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग का नोटिस मिला है। पुणे स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए जीएसटीआर-2ए की तुलना में जीएसटीआर-3बी में प्राप्त अतिरिक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए नोटिस मिला। इसमें लागू ब्याज और 35,18,701 रुपये के जुर्माने के साथ 3,51,87,014 रुपये की कर मांग की गई है। इसमें कहा गया कि कंपनी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून के प्रावधानों के अनुसार सभी शर्तें पूरी करने के बाद इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया। नोटिस पर गौर करने के बाद कंपनी इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। बजाज ऑटो ने कहा कि इस नोटिस से कंपनी पर कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा। *भाषा*

### अनिल अंबानी : एसबीआई का आदेश बरकरार

मुंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा कि एसबीआई का यह आदेश तर्कसंगत है और इसमें कोई कानूनी खामी नहीं है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने तीन अक्टूबर को एसबीआई के 13 जून, 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका खारिज कर दी। इस फैसले की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। *भाषा*

**जीएसटी दरों में कटौती का दिखा असर**

# नवरात्र में यात्री वाहन बिक्री बढ़ी

**शाइन जेकब**
चेन्नई, 7 अक्टूबर

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मंगलवार को कहा कि सितंबर में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, क्योंकि कर कटौती से नवरात्र के दौरान मांग बढ़ गई। सितंबर के पहले तीन सप्ताह के दौरान बिक्री की रफ्तार सुस्त रही। लेकिन जीएसटी दरों में बदलाव लागू होने से 22 सितंबर के बाद इसमें तेजी आई। पिछले महीने 299,369 वाहनों की बिक्री हुई।

सितंबर 2024 की तुलना में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दोपहिया, ट्रैक्टर और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में क्रमशः 6.5 प्रतिशत, 3.6 प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ। तिपहिया और निर्माण उपकरण सेगमेंटों में 7.2 प्रतिशत और 19 प्रतिशत की गिरावट आई।

फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, 'पहली बार देश भर के डीलरों पर नवरात्र के दौरान बहुत बड़ी तादाद में ग्राहक आए और डिलिवरी में शानदार तेजी दर्ज की गई। कुल खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह किसी भी त्योहारी सीजन का ऐतिहासिक आंकड़ा है।' नवरात्र के नौ दिनों (22 सितंबर से 2 अक्टूबर) के दौरान लगभग 11.5 लाख वाहन बिके जबकि पिछले साल इस त्योहार के दौरान 8,63,000 वाहन बिके थे।



**बढ़ी खरीदारी की रफ्तार, बिक्री को मिली धार**

- यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई
- शोरूमों में उमड़ी भीड़, डिलिवरी में हुआ इजाफा, पिछले महीने 299,369 वाहनों की बिक्री हुई

गिरिधर ने कहा, 'सितंबर के पहले तीन सप्ताह में बिक्री काफी सुस्त रही क्योंकि ग्राहकों ने जीएसटी 2.0 सुधारों की उम्मीद में अपनी खरीदारी को टालना उचित समझा। हालांकि निर्णायक सप्ताह में बड़ा बदलाव आया क्योंकि नवरात्र भी कम जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही शुरू हुए। इससे ग्राहक धारणा में बदलाव आया और सभी वाहन श्रेणियों की डिलिवरी में इजाफा हुआ।'

यात्री वाहन कंपनियों में मारुति सुजूकी का कहना है कि उसकी बिक्री 7 फीसदी बढ़कर 123,242 वाहन, टाटा मोटर्स की 26 फीसदी बढ़कर 41,151 वाहन और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के लिए 5 फीसदी बढ़कर 37,659 वाहन हो गई। ह्युंडै मोटर इंडिया की बिक्री 8 फीसदी घटकर 35,812 वाहन रह गई। कर कटौती और त्योहारी मांग से ग्राहकों की पूछताछ और बुकिंग में इजाफा हुआ, हालांकि सीमित बिलिंग दिनों की वजह से सुधार की पूरी संभावना कम रहीं। डीलरों ने इस अवधि का उपयोग स्टॉक जमा करने के लिए किया। यात्री वाहनों का स्टॉक बढ़कर लगभग 60 दिन हो गया जो अक्टूबर में दीवाली से पहले की तैयारियां दर्शाता है।

सितंबर में करीब 12.9 लाख दोपहिया की बिक्री हुई। यह पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 6.51 फीसदी तक अधिक है। बाजार की अग्रणी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 3,23,268 वाहन हो गई। होंडा मोटरसाइकल ऐंड स्कूटर इंडिया की बिक्री 3 प्रतिशत से अधिक घटकर 3,23,614 वाहन रह गई। टीवीएस मोटर की बिक्री 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ी और 2,46,064 वाहन पर पहुंच गई।

फाडा का कहना है कि 42 दिनों के त्योहारी सीजन और जीएसटी सुधार से हर आय वर्ग के लोगों में भरोसा बढ़ रहा है और इस रुझान से बढ़ोतरी के मजबूत दौर को प्रोत्साहन मिल सकता है।

# करवंचना में अदाणी डिफेंस की जांच

**रॉयटर्स**
नई दिल्ली, 7 अक्टूबर

**भारतीय** अधिकारी मिसाइल बनाने में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों पर आयात कर की चोरी के मामले में अदाणी एंटरप्राइजेज की रक्षा इकाई की जांच कर रहे हैं। दो सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह समूह की नवीनतम नियामक जांच है।

अदाणी डिफेंस सिस्टम्स ऐंड टेक्नॉलजीज अरबपति गौतम अदाणी के कोयले से हवाईअड्डों तक के कारोबार से जुड़े समूह के छोटे कारोबारों में से एक है। वह मुख्यतः भारतीय सुरक्षा बलों के लिए मिसाइल, ड्रोन और छोटे हथियार जैसे रक्षा सामान बनाती है।

भारत के राजस्व खुफिया निदेशालय ने मार्च में अदाणी डिफेंस के खिलाफ जांच शुरू की थी क्योंकि कंपनी ने कुछ मिसाइल कलपुर्जों के आयात में 77 करोड़ रुपये (90 लाख डॉलर) की टैरिफ चोरी की थी। कंपनी ने गलत दावा किया था कि वह सीमा शुल्क और कर से मुक्त है। यह जानकारी दो सरकारी सूत्रों और मामले का विवरण देने वाले एक दस्तावेज से मिली, जिसे रॉयटर्स ने देखा है।

एक बयान में अदाणी समूह ने कहा कि निदेशालय ने सीमा शुल्क नियमों की उनकी व्याख्या के आधार पर उसके आयात पर स्पष्टीकरण मांगा था और स्पष्टीकरण सहायक दस्तावेजों के साथ प्रदान किए गए हैं।

अदाणी के प्रवक्ता ने कहा, यह मामला हमारी ओर से बंद कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि कंपनी ने मामले को निपटाने के लिए कोई भुगतान किया है या नहीं।

कर चोरी की कथित राशि 90 लाख डॉलर महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह अदाणी डिफेंस के 2024-25 के 7.6 करोड़ डॉलर के राजस्व की 10 फीसदी से अधिक है और उसके लाभ के आधे से अधिक है।

एक सरकारी सूत्र ने बताया कि जांच के दौरान अदाणी के अधिकारियों ने आयातित पुर्जों के गलत वर्गीकरण की बात स्वीकार की, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। सूत्र के दावे के बारे में रॉयटर्स के सवालों पर अदाणी ने कोई टिप्पणी नहीं की।

आमतौर पर ऐसे मामलों में कंपनियों को कथित कर चोरी की राशि का 100 फीसदी जुर्माना देना पड़ता है, जो इस मामले में कुल 1.8 करोड़ डॉलर होगा। इस जांच की पहले कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

## 9वीं मोबाइल कांग्रेस आज से

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार को इंडिया मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दूरसंचार राज्य मंत्री पेम्मासनी चंद्रशेखर भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि आईएमसी 5जी, एआई, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों के लिए एक हाईवे और कैरिजवे है। *बीएस*

### कार्यालय श्रेणी में इस साल भी लीज का रिकॉर्ड!

**देश** में कार्यालय श्रेणी रिकॉर्ड तोड़ वर्ष दर्ज करने वाली है। इसमें 8.5 करोड़ वर्ग फुट के सकल पट्टे की उम्मीद है जो साल 2024 के रिकॉर्ड से 20 प्रतिशत अधिक है। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। इस बीच आवासीय श्रेणी का प्रदर्शन पारंपरिक रूप से मजबूत रहने वाले त्योहारी सीजन में बिक्री की रफ्तार पर निर्भर करेगा। इस श्रेणी में साल 2025 के पहले 9 महीने में नरमी देखी गई है। शीर्ष 8 शहरों में कार्यालय पट्टा साल 2025 के 9 महीने के दौरान 24 फीसदी बढ़ा। *बीएस*

**आरईसी REC** असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

**आरईसी लिमिटेड | REC Limited**
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
Regd. Office: Core-4, SCOPE Complex, 7 Lodhi Road, New Delhi-110003
Corporate Office: REC World Headquarters, Plot No. I-4, Near IFFCO Chowk Metro Station, Sector-29, Gurugram-122001 (Haryana)
Tel.: +91-124-4441300 | Website: www.recindia.nic.in
CIN: L40101DL1969GOI005095 | GST: 06AAACR4512R3Z3

**क्लाउड-आधारित फिनटेक/आईटी समाधानों और आरईसी के व्यावसायिक प्रचालन के लिए मौजूदा उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी) समाधान के स्थानांतरण हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

आरईसी लिमिटेड एतद्द्वारा योग्य एवं अनुभवी इच्छुक पार्टियों जैसे कि सिस्टम इंटीग्रेटर्स (एसआई)/मूल उपकरण निर्माता (ओईएम)/क्लाउड समाधान प्रदाताओं (सीएसपी) को 'आपूर्ति, क्लाउड-आधारित फिनटेक/आईटी समाधान के इन्स्टॉलेशन, कार्यान्वयन, कमीशनिंग, रख-रखाव और होस्टिंग तथा आरईसी के व्यवसाय प्रचालन के लिए मौजूदा उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी) समाधान का स्थानांतरण करने के प्रस्ताव के आगामी अनुरोध के उत्तर में उनकी औपचारिक रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित करता है।

अधिक विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट: https://recindia.nic.in देखें।

ईओआई को आईटी विभाग, आरईसी कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर आई-4, सेक्टर 29, गुरुग्राम, हरियाणा 122001 में तथा fintecheoi@recindia.com पर 30 अक्टूबर 2025 को शाम 5:00 बजे तक या इससे पहले जमा करें।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the share certificates No. 00158818 (600), 00152119 (300), and 00092900 (100) for 1000 shares of Rs 10/- Face Value shares under folio no. 0006598 bearing dist No 049743741–049744340 (600), 025237171-025237470 (300) and 019183221-019183320 (100) standing in the name of Manju Agarwal in the books of Piccadily Agro Industries Limited, have been lost and the advertiser has applied to the Company for issue of duplicate share certificate in lieu thereof.
Any person who has claim on the said shares should lodge such claim with the Company registered at "Village Bhadson, Karnal Dist. Haryana-132109" within 15 days from the date of this notice failing which the Company will proceed to issue duplicate share certificate in respect of the said shares

**स्कैन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड**
(पूर्व में अंबाला सीमेंट्स लिमिटेड के नाम से विदित)
पंजीकृत कार्यालय : ग्राम कंजनू, तहसील रादौर, जनपद यमुनानगर (हरियाणा), 135133
सीआईएन : L29253HR1992PLC031576, वेबसाइट : www.scanprojects.in,
दूरभाष नं.: 09992086066, ईमेल : scanhry@scanprojects.in

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए विशेष खिड़की**

सेबी के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-POD/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसार, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि एक विशेष खिड़की केवल 01 अप्रैल 2019 से पहले प्रस्तुत किए गए और प्रलेख/प्रक्रिया में कमी के कारण/या अन्यथा अस्वीकृत/वापस किए गए/विचारित नहीं किए गए हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए खोली गई है।
पुनः प्रस्तुत करने की यह सुविधा 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक उपलब्ध होगी। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे ऐसे प्रकरणों को आरटीए के पास 06 जनवरी 2026 तक **बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,** दादा हरसुखदास मंदिर के सामने, 99, तृतीय तल, मदनगीर, नई दिल्ली – 110062 दूरभाष सं. 011–29961281–283 पर कॉल करके और beetalrta@gmail.com पर ईमेल करके पुनः प्रस्तुत करें।
आरटीए के पास हस्तांतरण के लिए प्रलेख प्रस्तुत करते समय, आवेदक प्रस्तुतकर्ता के पास एक डीमैट खाता अवश्य होना चाहिए और उसे हस्तांतरण प्रलेखों एवं शेयर प्रमाणपत्र के साथ अपनी क्लाइंट मास्टर सूची (सीएमएल) भी उपलब्ध करानी होगी।

स्थान : यमुनानगर
कृते स्कैन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
हस्ता./– (सतीश कुमार)
दिनाँक : 07–10–2025
कंपनी सचिव

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the share certificates No. 00158819 (600), 00152120 (300), and 00092903 (100) for 1000 shares of Rs 10/- Face Value shares under folio no. 0006599 bearing dist No 049744341–049744940 (600), 025237471-025237770 (300) and 019183521-019183620 (100) standing in the name of Suresh Chandra Gupta in the books of Piccadily Agro Industries Limited, have been lost and the advertiser has applied to the Company for issue of duplicate share certificate in lieu thereof. Any person who has claim on the said shares should lodge such claim with the Company registered at "Village Bhadson, Karnal Dist. Haryana-132109" within 15 days from the date of this notice failing which the Company will proceed to issue duplicate share certificate in respect of the said shares.

## 'फिजिकल एआई लाएगी असली बदलाव'

**अभीक दास**
बेंगलूरु, 7 अक्टूबर

**विनिर्माण** क्षेत्र में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) का वास्तविक महत्त्व तभी सामने आएगा जब फिजिकल एआई और ज्यादा परिपक्व स्तर पर पहुंचेगी। स्वचालन की वजह से कार्यकुशलता में वृद्धि पहले ही हासिल हो चुकी है। यह कहना है टीसीएस में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और डिजिटल इंजीनियरिंग के प्रमुख श्रीनिवास चक्रवर्ती का।

बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'इनमें से ज्यादातर बड़ी कंपनियां स्वचालन के मामले में अत्यधिक परिपक्व हैं। पिछले दो दशकों के दौरान स्वचालन ने आश्चर्य जनक काम किया है। तो किसी भी तरह की एआई इसके अलावा क्या उपलब्धियां देगी? लेकिन यह उपलब्धि आएगी फिजिकल एआई।' उम्मीद है कि अगला आयाम फिजिकल एआई बनेगी जो विनिर्माण उद्यमों को बदल देगी। यह रोबोट और वाहनों जैसी भौतिक प्रणालियों में सेंसर और एक्चुएटर के साथ एआई एल्गोरिदम को मिलाकर मशीनों को वास्तविक दुनिया में समझने, सीखने और कार्य करने की क्षमता प्रदान करती है। यह बदलाव ऐसे समय हो रहा है, जब विनिर्माता



व्यापक अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों, बढ़ती लागत और श्रम की कमी से जूझ रहे हैं।

एनवीडिया का मानना है कि फिजिकल एआई 50 लाख करोड़ डॉलर के विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स उद्योग में क्रांति लाएगी और ट्रकों से लेकर कारों तक सब कुछ रोबोटिक तथा एआई से एम्बेडेड होगा।

अलबत्ता चक्रवर्ती का कहना है कि इसके लाभों को तुरंत अंदाज लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा 'उदाहरण के लिए आप कुछ डाउनटाइम से बच सकते हैं। इसलिए अगर आपकी ओईई (समूची उपकरण कारगरता) 80 प्रतिशत के स्तर पर है, तो आप निश्चित रूप से 85 या 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे। लेकिन अगर आप असली लाभ चाहते हैं तो ऐसा तब होगा जब फिजिकल एआई बड़े स्तर पर खुद को स्थापित करना शुरू कर देगी। आज यह गोदामों और अन्य स्थानों पर पहले से ही मौजूद है।' इसी तरह उत्पाद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में परीक्षण का सत्यापन और परिदृश्य सृजन काफी हद तक स्वचालित रूप से किए जा रहे हैं, लेकिन मूल उत्पाद को किसी सॉफ्टवेयर-परिभाषित उत्पाद में बदलने की आवश्यकता होती है।

# सी-एसयूवी टेक्टॉन की तैयारी में निसान, बनाएगी नई पहचान

**शाइन जेकब**
चेन्नई, 7 अक्टूबर

**निसान** मोटर इंडिया ने अपनी आगामी सी-श्रेणी की एसयूवी निसान टेक्टॉन का आधिकारिक तौर पर अनावरण कर दिया है। इसे साल 2026 की दूसरी तिमाही में पेश किया जाना है।

टेक्टॉन को ह्युंडै क्रेटा, किया सेल्टोस, मारुति ग्रैंड विटारा, मारुति सुजूकी विक्टोरिस, फोक्सवैगन टाइगुन, स्कोडा कुशाक और टोयोटा हाइराइडर जैसी गाड़ियों से मुकाबला करने वाली गाड़ी के रूप में लाया जा रहा है। यह निसान की 'वन कार, वन वर्ल्ड' रणनीति के तहत दूसरा मॉडल होगा। इसे भारत में बेचने और भविष्य में चुनिंदा वैश्विक बाजारों में निर्यात के लिए चेन्नई संयंत्र में रेनॉ के साथ साझेदारी में बनाया जाएगा।

कंपनी के अनुसार इसकी पूरी तरह से शुरुआत और बिक्री साल 2026 में शुरू होगी तथा टेक्टॉन को सी-एसयूवी श्रेणी में हलचल मचाने के लिए तैयार किया गया है। निसान मोटर के कॉर्पोरेट एक्जिक्यूटिव अल्फोंसो अल्बाइसा ने कहा, 'पूरी तरह से इस नई निसान टेक्टॉन के डिजाइन की प्रेरणा हमारी विख्यात निसान पेट्रोल से ली गई है। इसे आज के आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की चाहत की हर जरूरत को पूरा करने, हलचल मचाने और उसे पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत तथा उसके बाहर नए मानक स्थापित करने के लिए निर्मित इसका प्रभावशाली, स्टाइलिश डिजाइन और निर्माण की गुणवत्ता विशिष्ट रूप से निसान की है।'




**इसे साल 2026 की दूसरी तिमाही में पेश किया जाना है और यह निसान की 'वन कार, वन वर्ल्ड' रणनीति के तहत दूसरा मॉडल होगा**

देश में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने और अपने मॉडलों का विस्तार करने की निसान मोटर इंडिया की योजनाओं में टेक्टॉन महत्त्वपूर्ण रहेगी। इस वृद्धि के तहत निसान मोटर इंडिया अपने डीलर नेटवर्क का तेजी से विस्तार कर रही है।

निसान की इस नवीनतम एसयूवी टेक्टॉन की डिजाइन की प्रेरणा कंपनी की सबसे लंबे वक्त से चल रही और सबसे प्रतिष्ठित एसयूवी पेट्रोल से मिली है। अगले साल जब यह आएगी, तो यह स्पष्ट कलात्मकता के साथ दमदार विश्वसनीयता, प्रीमियम शिल्प कौशल और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित होगी।

# डाबर को मध्य 1 अंक में वृद्धि की उम्मीद

**अक्षरा श्रीवास्तव**
नई दिल्ली, 7 अक्टूबर

**एफएमसीजी** कंपनी डाबर का मानना है कि जीएसटी से संबंधित उथल-पुथल की वजह से वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में उसकी समेकित राजस्व वृद्धि मध्य एक अंक में रहेगी।

हाजमोला कैंडी और रियल फ्रूट जूस बनाने वाली कंपनी का कहना है कि दूसरी तिमाही में उसे 'बिक्री में अल्पावधि मंदी' का सामना करना पड़ा और उसका परिचालन लाभ समेकित राजस्व के अनुरूप बढ़ेगा।

कंपनी की प्रमुख श्रेणियां जैसे ओरल केयर, जूस, हेयर ऑयल, शैम्पू, डाइजेस्टिव, ओवर-द-काउंटर दवाएं, ब्रांडेड एथिकल्स को जीएसटी दर घटाए जाने से लाभ होगा।

हालांकि, कंपनी ने कहा है कि उसके गैर-जीएसटी प्रभावित ब्रांडों जैसे डाबर हनी, अनमोल नारियल तेल, गुलाबरी और हाजमोला जीरा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी ने कहा, 'खुदरा बिक्री लगातार मजबूत बनी हुई है, जिससे हमें अपने पोर्टफोलियो के 90 प्रतिशत से अधिक में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिली है।'




कंपनी के ओरल केयर पोर्टफोलियो में मजबूत वृद्धि बरकरार रही, जिसमें रेड टूथपेस्ट और मेसवाक दोनों में दो अंक की वृद्धि की उम्मीद है।

**ANGEL ONE LIMITED**
Regd. Off: 601, 6th Floor, ACKRUTI STAR, CENTRAL ROAD, MIDC, ANDHERI EAST, MUMBAI -400093
Centralized desk : 18001020 Email id : support@angelone.in
Member of : NSE / BSE / BSE REMISIER / MCX / MCX SX / NCDEX
Member IDs: NSE : 12798, BSE : 612, MCX : 12685,
NCDEX : 00220 SEBI Registration No: INZ000161534

**NOTICE**

This is to inform all concerned that we have initiated the process of cancellation of registration of our below mentioned Authorised Person (AP) due to regulatory reasons/concerns.

| Name Of Authorised Person | Trade Name of AP | Address of AP | AP Registration No. |
|---|---|---|---|
| MOHIT KUMAR | MOHIT KUMAR | GULABGARH ROAD DERABASSITEH DERA BASSI . SAS NAGAR 140507 PUNJAB | NSE : AP0397615001<br>MCX : MCX/AP/170061 |
| ANJALI | ANJALI | OFFICE NO 535 BLOCK D&E5TH FLOOR TRIPLE C BUSINESS TOWER VIP ROAD . ZIRAKPUR 140603 PUNJAB | NSE : AP0397615021<br>MCX : MCX/AP/170062 |
| VANDANA SWAMI | VANDANA SWAMI | GALI SURYA HOTEL WALI GREWAL BASTI BEGU ROAD. . SIRSA 125055 HARYANA | NSE : AP0397612741<br>BSE : AP01061201166350<br>MCX : MCX/AP/169197 |
| ANIL KUMAR | ANIL KUMAR | KANGANPUR ROAD NEAR K. V. 2 SCHOOL SUNDER NAGARGALI NO 3 - SIRSA 125055 HARYANA | NSE : AP0397479231 |

Any person dealing with the above-mentioned Authorised Person henceforth shall do so at their own risk. **ANGEL ONE LTD.** shall not be liable for any dealings with the said entity post the issuance of this notice. Investors having any queries or concerns regarding this matter are requested to contact **ANGEL ONE LTD.** within **15 days** from the date of issuing this notice.

Date : 08.10.2025
Place : Punjab / Haryana
For ANGEL ONE LTD
Sd/-, Authorised Signatory

**QUANTUM MUTUAL FUND**
FOR THOUGHTFUL INVESTORS

**Investment Manager:** Quantum Asset Management Company Private Limited
1st Floor, Apeejay House, 3 Dinshaw Vachha Road, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai - 400020
**Toll Free No.:** 1800-209-3863 / 1800-22-3863 **Email:** CustomerCare@QuantumAMC.com
**Website:** www.QuantumAMC.com **CIN:** U65990MH2005PTC156152

**NOTICE NO. 6/2025**

**Notice**

Notice is hereby given to the Investors / Unit holders of all the Scheme(s) of Quantum Mutual Fund (the Fund) that in accordance with Regulation 59A of SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996 read with SEBI Master Circular No. SEBI/HO/IMD/IMD-PoD-1/P/CIR/2024/90 dated June 27, 2024, the Half yearly Statement of the Schemes Portfolio of the Fund for the half year ended September 30, 2025, is hosted on the website of Quantum Asset Management Company Private Limited viz.www.QuantumAMC.com and on the website of Association of Mutual Funds in India (AMFI) viz. www.amfiindia.com.

Investors / Unit holders can submit a request to receive a physical or electronic copy of the Half yearly Statement of the Schemes Portfolio of the Fund at free of cost either through Short Messaging Service (SMS) <QMF HYP> to 9243223863 / Telephone 1800-22-3863/1800-209-3863 / Email Customercare@QuantumAMC.com / Written Request through a physical Letter addressing to Quantum Asset Management Company Private Limited, 1st Floor, Apeejay House, 3 Dinshaw Vachha Road, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai - 400020.

For Quantum Asset Management Company Private Limited
(Investment Manager - Quantum Mutual Fund)
Sd/-
Seemant Shukla
Chief Executive Officer

Place: Mumbai
Date: October 07, 2025

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

**चंडीगढ़ संस्करण** : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं